**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Need to construct flyover on Allahabad-Mirzapur road in Uttar Pradesh-laid.

**श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर):** जौनपुर से इलाहाबाद, जौनपुर से वाराणसी, जौनपुर से आजमगढ़/गाजीपुर, जौनपुर से शाहगंज क्षेत्र जौनपुर से लखनऊ रेल लाइनें जाती हैं । किसी भी रेलवे लाइन पर फलाईओवर नहीं बना है । इलाहाबाद व आजमगढ़ की तरफ जाने वाली लाइनों पर स्वीकृत तो हो गया और आज से 7 साल पहले से बनना शुरू हुआ लेकिन इस सरकार की विकास की गति से ही कदम से कदम मिलाता हुआ निर्माण चल रहा है । जौनपुर-मिर्जापुर मार्ग तो फ्लाईओवर बनने की वजह से बन्द कर दिया गया है । इसलिए मड़ियाहू और मिर्जापुर जाने वाली गाड़ियों को 10 कि0मी0 की दूरी और तय करनी पड़ती है । अतिरिक्त दूरी तय करने के लिए जितना पेट्रोल डीजल श्रम का नुकसान होता है वह फ्लाईआवर के बनने वाले खर्चे से कही ज्यादा हो जाता है । इलाहाबाद वाली क्रोंसिंग का तो हाल मत पूछिए । मरीज एम्बुलेंस में ही तड़पकर मर जाता है लेकिन फाटक नहीं खुलता । कितनी जानें गई । कितना लोगों का समय व फयूल बरबाद हुआ । मेरी आपसे गुजारिश है कि सभी दिशाओं की ओर जाने वाले फ्लाईओवर को तो बनवाया ही जाए, सबसे पहले इलाहाबाद और मिर्जापुर वाली रोड़ पर शीघ्र फ्लाईओवर बनवाया जाए और जौनपुर वासियों को रेल-बन्धक से छुटकारा दिलवाएं ।